**आयोजन** संभाग स्तरीय दो दिवसीय प्रदर्शनी का भव्य शुभारंभ

# डाईट परिसर में दिखा प्रतिभा का महाकुंभ




**नवभारत, जबलपुर।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) परिसर में बुधवार को शैक्षणिक उत्साह चरम पर दिखाई दिया। जहां विज्ञान, गणित, पर्यावरण एवं सामाजिक विज्ञान पर आधारित जोन (संभाग) स्तरीय दो दिवसीय प्रदर्शनी का भव्य शुभारंभ हुआ। आठ जिलों से चयनित 169 विद्यार्थियों ने अपने नवाचार, रचनात्मकता और आत्मविश्वास से पूरे परिसर को जीवंत कर दिया। प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक गहलोत के मुख्य आतिथ्य में मां सरस्वती के पूजन, वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी, डाइट प्राचार्य अजय दुबे, जिला परियोजना समन्वयक योगेश शर्मा सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी, शिक्षक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### सीखने की संस्कृति को बढ़ावा

मुख्य अतिथि ने कहा कि इस प्रकार की प्रदर्शनियां रटंत विद्या से आगे बढ़कर करके सीखने की संस्कृति को बढ़ावा देती हैं। इससे विषयों की कठिनता और नीरसता दूर होती है तथा शिक्षण अधिक व्यावहारिक और प्रभावी बनता है। उन्होंने जोन स्तर तक पहुंचे विद्यार्थियों को बधाई देते हुए राज्य स्तर पर चयन के लिए शुभकामनाएं दीं।

### आठ जिलों के 169 विद्यार्थियों की सशक्त सहभागिता

शाला स्तर से प्रारंभ होकर जनशिक्षा केंद्र, विकासखंड और जिला स्तर की चयन प्रक्रिया पार करते हुए आठ जिलों के 169 विद्यार्थी एवं 32 मार्गदर्शी शिक्षक जोन स्तरीय प्रदर्शनी में पहुंचे। विद्यार्थियों का उत्साह, प्रस्तुति कौशल और विषयों पर पकड़ देखते ही बन रही थी।

### मॉडल रहे दर्शकों के आकर्षण का केंद्र

प्रदर्शनी 'विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत' की थीम पर आधारित रही। विद्यार्थियों ने विज्ञान, गणित, पर्यावरण एवं सामाजिक विज्ञान विषयों पर मॉडल, लघुनाटिका, स्वरचित एकल गीत, सेमिनार और प्रश्नमंच के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। आधुनिक कृषि, उभरती प्रौद्योगिकी, वोकल फॉर लोकल, भारतीय लोकतंत्र, मतदान जागरूकता, जल संरक्षण, अपशिष्ट प्रबंधन, प्लास्टिक के विकल्प, सौरमंडल, भूकंप, ज्वालामुखी, गणितीय पार्क, ज्यामितीय आकृतियां, हड़प्पा संस्कृति और सिंधु घाटी सभ्यता जैसे विषयों पर बने मॉडल दर्शकों के आकर्षण का केंद्र रहे।

### इनका कहना है



मैंने पर्यावरण संरक्षण पर मॉडल बनाया है। इस प्रदर्शनी ने मुझे आत्मविश्वास दिया है और अब मैं राज्य स्तर तक पहुंचना चाहती हूं।

**धनवंती पटेल, कक्षा 8वीं**



गणित को खेल-खेल में समझाने का अवसर मिला। मंच पर अपने मॉडल को समझाना मेरे लिए यादगार अनुभव है।

**बसंत, कक्षा 8वीं, छिंदवाड़ा**



यहां आकर बहुत कुछ सीखने को मिला। दूसरे जिलों के विद्यार्थियों के मॉडल देखकर नई सोच विकसित हुई।

**चंद्रमणि चंदेल, कक्षा 7वीं**



लघुनाटिका के माध्यम से सामाजिक कुरीतियों पर संदेश देना अच्छा लगा। दर्शकों की तालियों ने हौसला बढ़ाया।

**जगन्नाथ, कक्षा 7वीं**



# लगन से मेहनत करते रहें सफलता जरूर मिलेगी : एसपी

- पुलिस, डिफेंस, अर्धसैनिक बल समेत रेल्वे में परचम लहराने वाले 20 अभ्यार्थियों को किया सम्मानित

**नवभारत, जबलपुर।** जैसे आग में तप कर सोना कुंदन बनता है वैसे ही आप भी यहाँ तक कड़ी मेहनत करके पहुंचे है। प्रतियोगी परिक्षाओं में जो सफल हुये हैं, सभी को बधाई जो सफल नहीं हो पायें है निराश न हों, लगन से मेहनत करते रहें सफलता जरूर मिलेगी। यह बातें पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने एसपी की पाठशाला के तहत पुलिस लाईन में संचालित नि:शुल्क कोचिंग से प्रतियोगी परीक्षा रेल्वे, मध्य प्रदेश पुलिस, डिफेंस, अर्धसैनिक बल आदि में चयनित हुये 20 अभ्यार्थियों कों प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो प्रदान करते हुए सम्मानित करते हुए कहीं।

दरअसल पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय के मार्गदर्शन में पुलिस लाईन में पुलिस परिवार व गरीब तबके के ऐसे बच्चें जो प्रतियोगी परिक्षाओं की तैयारी कर रहे है उनके लिए नि:शुल्क कोचिंग एस.पी. की पाठशाला संचालित की जा रही है। जिसके तहत सीआईएफ, बीएसएफ सीआरपीएफ, सीआईएसएफ में दस कांस्टेबल, एसबीआई बैंक में एक असिटेंट एसोसियेट, स्वास्थ विभाग में एक काउंस्लर, ए.आई.आई.एम.एस. मे एक जूनियर इंजीनियर, डीफेंस में दो जूनियर ऑपरेटर एवं एलडीसी, मध्यप्रदेश पुलिस में एक कांस्टेबल, रेल्वे में चार टीसी एवं लोकोपायलेट के पद पर कुल 20 अम्भ्यार्थियों को चयनित होने पर सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि अभी तक लगभग 250 अभ्यार्थी विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित हो चुके हैं। एसपी की पाठशाला में रानी दुर्गावति विश्वविद्यालय के व्याख्याता डॉ. आशीष यादव नागरिक शास्त्र, सहकारिता विभाग के विकास तिवारी इतिहास, भारतीय रेल्वे विभाग के कमलेश इंगले एडवांस मैथ्स, रेल्वे विभाग के नीलेश इंगले रीजनिंग, धारा कम्पनी में कार्यरत आशीष साहू सामान्य अंग्रेजी, रोहित कुशवाह अर्थशास्त्र का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके साथ ही रक्षित निरीक्षक जय प्रकाश आर्य के निर्देशन में सूबेदार योगेश चौकसे मैथ्स रीजनिंग फिजिकल ट्रेनिंग, प्रधान आरक्षक भूपेन्द्र पटेल हिन्दी, आरक्षक सतीश डेहरिया भूगोल, एवं फिजिकल ट्रेनिंग, आरक्षक रमन पटेल मैथ्स रीजनिंग, आरक्षक जय प्रकाश संवीधान, आरक्षक राहुल ठाकुर विज्ञान एवं फिजिकल ट्रेनिंग, नीतेश श्रीवास फिजिकल ट्रेनिंग, महिला आरक्षक दीक्षा सिंह सामान्य ज्ञान, रेल्वे पुलिस आरक्षक सुशांत पटेल फिजिकल ट्रेनिंग, का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय द्वारा सभी प्रशिक्षकों को सम्मानित करते हुये प्रोत्साहन पुरूस्कृत करने की घोषणा की गयी है।

**एक नजर में**

## 6वीं वाहिनी में गणतंत्र दिवस मनाया गया



**नवभारत, जबलपुर।** 6वीं वाहिनी में 77वां गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास और गरिमा के साथ मनाया गया। सेनानी सिद्धार्थ चौधरी, आईपीएस ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर वाहिनी के अधिकारियों और कर्मचारियों को राष्ट्र सेवा, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा का संदेश दिया गया। उत्कृष्ट कार्य और अनुकरणीय सेवाओं के लिए 57 जवानों को सम्मानित किया गया। 'श्रेष्ठ पुलिसकर्मी' पुरस्कार प्रधान आरक्षक दीपक प्रधान को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया गया।




## जनेकृविवि में उत्कृष्ट कर्मचारियों का सम्मान

**नवभारत, जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय में गणतंत्र दिवस के अवसर पर कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया। सम्मानित कर्मचारियों में जे.पी. यादव, संगीता ठाकुर, अरुण कुमार अवधिया, सूर्यांश रघुवंशी, प्रीतम सिंह ठाकुर, शिवनाथ पटेल, लखनलाल यादव शामिल रहे। उन्हें स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।



## डॉ. साहू 'निर्विकार' की तीन कृतियों का विमोचन

**नवभारत, जबलपुर।** पाथेय संस्था के तत्वावधान में डॉ. सुरेंद्र लाल साहू 'निर्विकार' की तीन कृतियों हे नारी के आद्य सुमन, यात्रा अन्तर्लोक की और शब्द-शब्द गलहार का विमोचन मानकुंवरबाई महिला महाविद्यालय के सभागार में संपन्न हुआ। समारोह की मुख्य अतिथि डॉ. इला घोष रहीं और अध्यक्षता महामहोपाध्याय डॉ. हरिशंकर दुबे ने की। साहित्यकार आचार्य भगवत दुबे ने मंगलभाव व्यक्त किया। डॉ. स्मृति शुक्ला ने कविताओं की भावभूमि पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में राजेश पाठक प्रवीण, डॉ. नूपुर देशकर, डॉ. नीना उपाध्याय सहित कई वरिष्ठ साहित्यकार और छात्राएं उपस्थित रहीं।




## आईसीएआर-सूकर अनुसंधान केंद्र का आधिकारिक दौरा

**नवभारत, जबलपुर।** डॉ. विवेक कुमार गुप्ता, निदेशक आईसीएआर-राष्ट्रीय सुअर अनुसंधान केंद्र और डॉ. प्रणब जे. दास, प्रधान वैज्ञानिक ने नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय स्थित अखिल भारतीय समन्वित सूकर अनुसंधान केंद्र का आधिकारिक दौरा किया। कुलपति डॉ. मनदीप शर्मा, कुलसचिव डॉ. एस.एस. तोमर, निदेशक डॉ. जी.पी. लखानी, डॉ. मधु स्वामी, डॉ. सुनील नायक और प्रधान अन्वेषक डॉ. बिस्वजीत रॉय उपस्थित रहे। दौरे के दौरान केंद्र की अधोसंरचना, फार्म का निरीक्षण और परियोजनाओं की प्रगति पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में अतिथियों ने सूकर पालकों से संवाद किया और उन्हें फीड, मिनरल मिक्सचर एवं गमबूट्स वितरित किए।

# पहली बार संस्कृत में होगा श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान

- 30 जनवरी से 8 फरवरी तक विशाल विधि आयोजन




**नवभारत, जबलपुर।** गुणायतन प्रणेता मुनि श्री प्रमाणसागर महाराज और मुनि श्री संधानसागर महाराज के सानिध्य में 30 जनवरी शुक्रवार से टेलीग्राफ ग्राउंड, रानीताल चौक में पहली बार संस्कृत भाषा में निवद्ध श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान का शुभारंभ होगा। यह आयोजन 8 फरवरी तक निरंतर चलेगा।मुनिसंघ के प्रवक्ता अविनाश जैन, विद्यावाणी और सुवोध कामरेड ने बताया कि विशाल पांडाल में 151 मंडल, 151 बेदी और 151 भगवान के साथ लगभग 2,000 इंद्राणियां और 3,000 श्रावक-श्राविकाओं के बैठने की व्यवस्था की गई है। प्रत्येक मंत्र का उच्चारण मुनि श्री के मुखारविंद से नौ-नौ बार होगा। विधान की सभी मांगलिक क्रियाएँ प्रात: 6:30 बजे से मंगलाष्टक, अभिषेक, शांतिधारा और नित्यनियम पूजन के साथ प्रारंभ होंगी।

30 जनवरी दोपहर 12:30 बजे डी.एन. जैन बोर्डिंग मंदिर से घटयात्रा और शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो प्रमुख मार्गों से होकर कार्यक्रम स्थल टेलीग्राफ ग्राउंड तक पहुंचेगी। दोपहर 2:30 बजे ध्वजारोहण और पांडाल उद्घाटन होगा। पांडाल की शुद्धि और सकलीकरण की क्रियाएँ विधानाचार्य बाल ब्र. अशोक भैया और बाल ब्र. अभय भैया के निर्देशन में संपन्न होंगी।

### शांति हमारे मन में वसी है : प्रमाणसागर

मुनि श्री प्रमाणसागर ने प्रवचन में कहा, 'शांति हमारे मन में वसी है, केवल उसे प्रकट करने की आवश्यकता है। ममकार और अहंकार को छोड़कर ही स्थिरता और शांति प्राप्त होती है। तत्वज्ञान विपदाओं में भी स्थिरता प्रदान करता है। यह कार्यक्रम धर्म प्रभावना समिति, दि. जैन पंचायत सभा और सकल दि. जैन समाज द्वारा आयोजित किया जा रहा है।



## नगर निगम में परिसंघ के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन

**नवभारत, जबलपुर।** दलित, ओबीसी, मायनारिटी एवं आदिवासी संगठनों के परिसंघ के वार्षिक कैलेंडर 2026 का विमोचन नगर निगम अध्यक्ष रिंकुज विज और नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा द्वारा नगर निगम कार्यालय में किया गया। अध्यक्ष ने सभी कर्मचारियों को बधाई दी और कहा कि यह कैलेंडर समाज के लिए उपयोगी रहेगा। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष अजय झारिया, जिला अध्यक्ष राजेंद्र कापसे, महासचिव मुक्तेश्वर राव, उपाध्यक्ष सुरेंद्र लखेरा, नगर निकाय प्रकोष्ठ अध्यक्ष जय केवट, राजकुमार बरसे सहित कई प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



## सरस्वती घाट में सुमधुर भजन संध्या

**नवभारत, जबलपुर।** सरस्वती घाट, भेड़ाघाट स्थित श्री सीताराम आश्रम में कल्पवास के 24वें दिवस पर महिला भजन मंडली द्वारा भव्य भजन संध्या आयोजित की गई। कार्यक्रम पं. मनमोहन दुबे और महंत बालयोगी कृष्णदास महाराज के सानिध्य में संपन्न हुआ। भजन मंडली में प्रभा शर्मा, यशोदा साहू, क्रांति पटेल, वर्षा झरिया, उर्मिला अग्रवाल, सरिता नेमा सहित कई प्रतिभागियों ने उपस्थित लोगों को भक्तिमय आनंद में डुबो दिया।

### शिव कुमार बने अध्यक्ष



**नवभारत, जबलपुर।** चौरसिया समाज जबलपुर की बैठक हाल ही में संपन्न हुई। बैठक में आगामी तीन वर्षों के लिए शिव कुमार नारायण प्रसाद चौरसिया को सर्वसम्मति से निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। अध्यक्ष चयन के बाद उपस्थित समाजजनों और मातृशक्ति ने उन्हें बधाई दी। बैठक में आगामी समाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों पर भी चर्चा हुई।

## शिविर में सैकड़ों हितग्राहियों को मिला योजनाओं का लाभ

**रानी अवंती बाई वार्ड में लगाया गया था शिविर**



**नवभारत, जबलपुर।** नगर निगम द्वारा रानी अवंती बाई वार्ड में कैंट विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आयोजित संकल्प से समाधान शिविर में सैकड़ों हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ मिला। पी.एम. स्वनिधि के 50 नए आवेदन लोन के लिए भरवाए गए, संबल, राशन, पात्रता पर्ची, ड्राइविंग लायसेंस और स्वास्थ्य परीक्षण कराने, विद्युत देयकों में सुधार करने आदि योजनाओं से संबंधित हितग्राहियों से प्राप्त हुए, जिसका समाधान मौके पर ही किया गया और विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी, निगमाध्यक्ष रिकुंज विज, नगर निगम की उपायुक्त अंकिता जैन के द्वारा हितग्राहियों को स्वीकृति प्रमाण-पत्र वितरित किये गए। शिविर की मुख्य उपलब्धि महिला सशक्तिकरण की दिशा में देखने को मिली, जहाँ 80 छात्राओं को ड्राइविंग लाइसेंस वितरित किए गए।

# चलते फिरते न्यायालय से मिलेगा सुलभ न्याय

- मुख्य न्यायाधीश ने चलित न्यायालय रथ को दिखाई हरी झंडी



**जबलपुर, नवभारत।** मप्र उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा ने नागरिकों को त्वरित न्याय प्रदान करने के उद्देश्य से चलित न्यायालय रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उच्च न्यायालय की जबलपुर पीठ के न्यायमूर्तियों, महापौर और नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में इस नवाचार की शुरुआत की गई। मुख्य न्यायाधीश श्री सचदेवा ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह अत्याधुनिक रथ केवल एक वाहन नहीं, बल्कि एक चलता-फिरता कोर्ट रूम है। उन्होंने जोर देकर कहा कि अब नागरिकों को नगर निगम से संबंधित राजस्व, स्वच्छता और अतिक्रमण जैसे मामलों के लिए दफ्तरों के चक्कर नहीं काटने होंगे, बल्कि उन्हें घर बैठे सुलभ न्याय मिल सकेगा। वही महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने इसे नगर निगम जबलपुर की एक अनूठी सौगात बताया। इस अवसर पर निगम अध्यक्ष रिंकू विज और निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार आदि उपस्थित रहे। निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने बताया कि मौके पर सुनवाई होने से जनता के समय और धन दोनों की बचत होगी। कार्यक्रम में उच्च न्यायालय के न्यायमूर्तिगणों के साथ अपर आयुक्त अरविंद शाह, बार अध्यक्ष, अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव, कार्यपालन यंत्री जीएस मरावी, और सहायक विधि अधिकारी राजीव अंभोरे सहित निगम के अन्य अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## रेवा बीएड कॉलेज में भारतीय ज्ञान परंपरा कार्यक्रम

**नवभारत, जबलपुर।** रेवा बी.एड. कॉलेज, अधारताल में भारतीय ज्ञान परंपरा के तृतीय त्रैमासिक कैलेंडर के अंतर्गत जनवरी माह की गतिविधियों का आयोजन किया गया। छात्राओं और छात्रों ने लोक नृत्य प्रस्तुत किया। बसंत पंचमी पर प्राचार्य डॉ. रितु यादव ने व्याख्यान दिया। नेताजी सुभाषचंद्र बोस जयंती पर उनके क्रांतिकारी विचारों और राष्ट्र निर्माण पर परिचर्चा हुई। कार्यक्रम में सानिया अंजुम, शांभवी पाल, मीनाक्षी द्विवेदी, ज्योति ठाकुर, राधिका श्रीवास्तव और अन्य छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता की।



**सम्मेलन** दुर्गाबस्ती, फूलसागर बस्ती और बदनपुर बस्ती में हिंदू सम्मेलन का आयोजन

# हिंदू सम्मेलन में सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रंगत



**नवभारत, जबलपुर।** दुर्गावस्ती, फूलसागर बस्ती और बदनपुर बस्ती में हिंदू सम्मेलन का आयोजन बड़े उत्साह और भव्यता के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रमों का उद्देश्य समाज में एकता, मातृशक्ति और सांस्कृतिक मूल्यों को बढ़ावा देना था। इसी क्रम में केजी बोस नगर में आयोजित सम्मेलन में पंच परिवर्तन, सामाजिक समरसत्ता और पर्यावरण संरक्षण पर जोर दिया गया। प्रमुख अतिथि एड. सतेन्द्र जोशी, साधना शुक्ला मिश्रा, अखिलेन्द्र और लोकराम कोरी रहे। मंच संचालन सदीप बाथरे ने किया। सम्मेलन को सफल बनाने में अभिनंदन साहू, विजय बंडेकर, नितिन पटेल, दिनेश गुप्ता, बाबा चौधरी, संजल कुरिया, हर्षवर्धन, नन्नू चौधरी, अंकुर गौरव और राजेन्द्र गुप्ता ने विशेष योगदान दिया।

### फूलसागर बस्ती सम्मेलन



पीएचई गार्डन साई कालोनी, संजीवनी नगर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शताब्दी वर्ष में आयोजित सम्मेलन में हिंदुत्व की भावना और संयुक्त परिवार की परंपरा पर जोर दिया गया। बच्चों को सनातनी संस्कार सिखाने के प्रयास भी किए गए। कार्यक्रम सफल बनाने में विष्णु ठाकुर, प्रवेश गिरदोरिया, नरेंद्र, हरि पटेल, सुशील दुबे, रवींद्र पचौरी, अनिल वर्मा, अरविंद दुबे, शांत सिंग परिहार, प्रकाश अवस्थी, दशरथ पटेल और मनोज पटेल ने सहयोग किया।

### बदनपुर बस्ती सम्मेलन



पावन भूमि पार्क में गणतंत्र दिवस और माघ मास की अष्टमी के अवसर पर आयोजित सम्मेलन में कलश यात्रा, गौ पूजन, तुलसी पूजन और भारत माता पूजन हुआ। मुख्य अतिथि राम नारायण परहैया और साध्वी मैत्री दीदी ने मार्गदर्शन दिया। मातृशक्ति संचिता तिवारी ने संबोधन किया। कार्यक्रम में 21 गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार किट से सम्मानित किया गया। सेवादार सफाई कर्मियों और 51 कन्याओं का पूजन भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्याम चौबे ने किया। आयोजन समिति के शिव शंकर दुबे, सुशील चौबे, रामकिशोर, पवन खेड़ा, आरती चौबे, पूजा खेड़ा, शीतल चौबे आदि ने सहयोग दिया।